भारत सरकार
गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
GOVT. OF INDIA
MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू
TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE, JAMMU
संयोजक : सीएसआईआर - भारतीय समवेत औषध संस्थान, नहर मार्ग, जम्मू तवी-180 001 (भारत)
CONVENOR: CSIR - Indian Institute of Integrative Medicine, Canal Road, Jammu Tawi–180001 (INDIA)
दूरभाष : (0191) 2569000-06; फैक्स (0191) 2569333, 2569023. Phones : (0191) 2569000-06; Fax : (0191) 2569333, 2569023.

संख्या/No: नराकास/जम्मू/बैठक/2013-राभा. दिनांक/Dated: 05.09.2013

कार्यालय:- भारतीय समवेत औषध संस्थान (आइ.आइ.आइ.एम.), नहर मार्ग, जम्मू-180001

**सेवा में,**

नराकास, जम्मू के केन्द्रीय कार्यालय/बैंकों/उपक्रमों के अध्यक्षगण/हिन्दी अधिकारी/हिन्दी अनुवादक।

विषय:- **दिनांक 27 अगस्त, 2013 को हुई नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की बैठक के कार्यवृत्त।**

**Subject:- Minutes of the TOLIC, Jammu meeting held on 27th August, 2013.**

**महोदय/महोदया,**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की दिनांक 27 अगस्त, 2013 को अपराह्न 3.30 बजे भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के कॉन्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न हुई। बैठक के कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है। कृपया बैठक में लिए गये निर्णयों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित् करवाएं।

कार्यवृत्त पर यदि किसी सदस्य को कोई सुझाव देना हो अथवा उनकी आपत्ति हो तो वह अपने सुझाव कार्यालय को दो सप्ताह के भीतर प्रेषित करें।

**Sir/Madam,**

The minutes of the meeting of Town Official Language Implementation Committee, Jammu held on 27 August, 2013 at 3.30 PM in the Conference Hall of IIIM, Jammu are enclosed herewith. You are requested to necessary action on the decisions taken in the said meeting accordingly.

Objections/Suggestions, if any may be intimated to this office within two weeks.

धन्यवाद/Thank you

**भवदीय,**

(डॉ. अमर सिंह)
सदस्य-सचिव

**संलग्न:-** यथावर्णित बैठक के कार्यवृत्त।

**प्रति:-**

1. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू के कार्यालय प्रमुख।
2. संयुक्त सचिव(कार्या.), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, लोक नायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली-03
3. संयुक्त सचिव (प्रशासन), वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, अनुसंधान भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-01
4. उपनिदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय-1 (दिल्ली), ए-149, सरोजनी नगर, नई दिल्ली-110023
5. सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, लोक नायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली-110003
6. भारत की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के अध्यक्ष ।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू
# भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू

**संख्याः नराकास/जम्मू/बैठक/2013-राभा.** **दिनांकः 28.08.2013**

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की छमाही बैठक दिनांक 27 अगस्त, 2013 को सायं 3.30 बजे भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के कान्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त।**



भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की छमाही बैठक दिनांक 27 अगस्त, 2013 (मंगलवार) को अपराह्न 3.30 बजे भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक एवं नराकास अध्यक्ष डॉ. राम विश्वकर्मा ने की। इस अवसर पर श्री एन.एस.मेहरा, अनुसंधान अधिकारी, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय दिल्ली, श्री विजय कुमार गर्ग, वरि. क्षेत्रीय प्रबंधक, इंडियन ऑयल कारपोरेशन, जम्मू, श्री सत्यप्रताप सिंह, संयुक्त नियंत्रक, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, उत्तरी कमान, जम्मू, श्री ए.जी. अंसारी, महाप्रबंधक, एन.एच.पी.सी., सलाल परियोजना, ज्योतिपुरम्, जम्मू, श्री आर.एन.मीना, मंडल यातायात प्रबंधक, उत्तरी रेलवे, जम्मू तथा नगर जम्मू के केन्द्रीय कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों से आये सभी कार्यालय अध्यक्ष, हिन्दी अधिकारी/राजभाषा अधिकारी/नोडल अधिकारी/हिन्दी अनुवादक तथा प्रिन्ट एवं इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के समस्त संवाददाता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित कार्यालय प्रमुखों एवं सज्जनों का स्वागत डॉ. अमर सिंह, वरि. हिन्दी अधिकारी एवं सचिव, नराकास, जम्मू ने किया। उन्होंने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि इस बैठक में प्रथम अक्टूबर, 2012 से 31 मार्च, 2013 के दौरान प्राप्त तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा तथा आपके कार्यालय में राजभाषा हिन्दी में किये गये कार्यों की समीक्षा तथा इससे संबंधित आपके कार्यालयों में उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। संघ के विभिन्न राजकीय प्रयोजनों में इसके प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा विभाग प्रति वर्ष एक वार्षिक कार्यक्रम जारी करता है, जिसके अनुसार हम कार्यालयों में राजभाषा के कार्य सम्पन्न करते हैं। चूंकि सरकारी कामकाज में मूल टिप्पण और प्रारूपण के लिए हिन्दी का ही प्रयोग किया जाए। जिसके अन्तर्गत धारा 3(3) का हम सबको अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। यही संविधान की मूलभावना के अनुरूप होगा। सभी भारतीय भाषाएं देश की एकता की प्रतीक हैं। भारतीय संविधान में जो प्रावधान किये गये हैं इसी के अनुसार हमें आदेशों/अनुदेशों का पालन करना चाहिए और महामहिम राष्ट्रपति जी के संकल्पों का सम्मान करना चाहिए।

तत्पश्चात् बैठक में उपस्थित सदस्यों के परिचय के साथ ही बैठक की कार्रवाई आरम्भ हुई। सचिव ने गत बैठक के कार्यवृत्त पर चर्चा के दौरान कहा कि सम्माननीय सदस्यों की कोई प्रतिक्रिया, सुझाव अथवा आपत्ति हो तो वे विचार रखें, लेकिन माननीय उपस्थित सदस्यों की ओर से कोई आपत्ति एवं प्रतिक्रिया न मिलने पर सचिव ने अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन पर गत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

**गत बैठक में लिए गये निर्णय और उन पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई इस प्रकार हैः-**

गत बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति मंच के माध्यम से दिनांक 13-14 मार्च, 2013 को भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के तत्वाधान में आवास एवं नगर विकास निगम लि.(हडको) जम्मू, रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, जम्मू, पंजाब नेशनल बैंक (मडल कार्यालय), जम्मू तथा भारतीय स्टेट बैंक

(प्रशासनिक कार्यालय) जम्मू के सौजन्य से राजभाषा सम्मेलन/भाषा कौशल/कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नराकास, जम्मू के सभी सदस्य कार्यालयों के नोडल अधिकारी/राजभाषा अधिकारी/हिन्दी अनुवादकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और प्रतिभागियो को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह अध्यक्ष महोदय के कर कमलों द्वारा प्रदान किये गये। कार्यक्रम में व्याख्याता के रूप में डॉ. महेशचन्द्र गुप्त, हिन्दी सलाहकार समिति, नई दिल्ली तथा श्रीकृष्ण निर्मल, शिक्षा अधिकारी, नई दिल्ली उपस्थित थे।

**नराकास, जम्मू के सदस्य कार्यालयों की गृह पत्रिकाएं जो वर्ष 2012-2013 में प्रकाशित की गयी जो इस प्रकार हैः-**

12 जुलाई, 2012 को नराकास बैठक में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में एक **स्मारिका** का विमोचन किया। नराकास, जम्मू कार्यालय की गृह पत्रिका **ज्ञानवार्ता**, पंजाब नेशनल बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू की गृह पत्रिका **त्रिकुटा**, पावर ग्रिड कारपोरेशन, उत्तरी क्षेत्र-।।, जम्मू की गृह पत्रिका **तवी प्रवाह**, एनएचपीसी, क्षेत्र-।, जम्मू की गृह पत्रिका **त्रिकुटा समाचार** तथा प्रसार भारती, रेडियो कश्मीर, जम्मू की गृह पत्रिका **तविषी** तथा सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, जम्मू **ताज-ऐ-हिन्द** राजभाषा गृह पत्रिका प्रकाशित हुई।

तदोपरान्त प्रथम अक्टूबर, 2012 से 31 मार्च, 2013 के दौरान प्राप्त दोनों प्रगति रिपोर्टो की समीक्षा का संक्षिप्त ब्यौरा सदस्य कार्यालयों के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसमें विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त प्रगति रिपोर्टे की स्थिति इस प्रकार है:-

## प्रथम अक्टूबर, 2012 से 31 मार्च, 2013 के दौरान प्राप्त दोनों प्रगति रिपोर्टो की समीक्षाः-

**<u>केन्द्रीय कार्यालय</u>**

1. पुलिस उपमहानिरीक्षक, के.रि.पु.बल जम्मू रेंज
2. 32वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल
3. पुलिस उपमहानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र,के.रि.पु.बल
4. फ्रंटियर मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल
5. 135 बटालियन सीमा सुरक्षा बल
6. 110वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल
7. 152वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल
8. 23 विंग वायु सेना
9. पुलिस महानिरीक्षक, सेक्टर मुख्यालय, के.रि.पु.बल
10. 53वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल
11. 52वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल
12. 121वीं बटालियन के.रि.पु.बल, कठुआ
13. 76वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल
14. पत्र सूचना कार्यालय
15. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
16. रक्षा सम्पदा प्रधान निदेशालय
17. भारतीय सर्वेक्षण विभाग
18. कार्यालय महालेखाकार (हकदारी)
19. रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक उत्तरी कमान
20. कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा)
21. कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल
22. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण प्रचालन (जम्मू व कश्मीर)
23. मुख्य अभियंता सम्पर्क परियोजना
24. भारतीय समवेत औषध संस्थान
25. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान
26. क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केन्द्र, मीरा साहिब
27. रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालय
28. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग
29. राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड
30. राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय
31. केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड
32. केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र परीक्षण प्रयोगशाला, मीरा साहिब
33. कोयला खान भविष्य निधि
34. सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विकास संस्थान
35. डी.ओ.ई.ए.सी.सी.केन्द्र
36. क्षेत्रीय चारा उत्पादन एवं प्रदर्शन केन्द्र
37. केन्द्रीय एकीकृत एवं नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र
38. कार्यालय आयकर आयुक्त (ज.व.क.) आयकर भवन, जम्मू/श्रीनगर
39. राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान
40. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय
41. क्षेत्रीय तसर अनुसंधान संस्थान
42. केन्द्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय
43. विदेश व्यापार का कार्यालय
44. राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान प.हिमालय क्षेत्रीय केन्द्र
45. क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय प्रादेशिक कार्यालय
46. सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय

**बैंक**

47. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
48. भारतीय स्टेट बैंक (प्रशासनिक कार्यालय)
49. बैंक ऑफ बड़ौदा
50. पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय जम्मू व कश्मीर
51. आई.डी.बी.आई.बैंक, जम्मू
52. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू

**कारपोरेशन/निगम**

53. रूरल इलैक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड
54. पावरग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
55. भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डलीय कार्यालय
56. सलाल पावर स्टेशन एन.एच.पी.सी.लि.ज्योतिपुरम्
57. एन.एच.पी.सी.लि., कार्यपालक निदेशक (क्षेत्र-।)
58. मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय दूरसंचार निगम लिमिटेड
59. एअर इण्डिया लिमिटेड
60. एन.एच.पी.सी.लि.,दुलहस्ती पावर स्टेशन किस्तवाड
61. भारतीय खाद्य निगम क्षेत्रीय कार्यालय
62. भारतीय प्रसारण निगम दूरदर्शन केन्द्र, जम्मू
63. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
64. दि न्यू इण्डिया इंश्योरेंस क.लि. मण्डल कार्यालय-।।
65. हुडको कार्यालय, जम्मू
66. भारतीय खाद्य निगम जिला कार्यालय
67. भारतीय प्रसारण निगम रेडियो कश्मीर
68. दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लि.मं.कार्या.-1

**राजभाषा नीति कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित पर कार्रवाई सुनिश्चित करवाएं:-**

1. प्रत्येक कार्यालय अध्यक्ष राकास की बैठकों में धारा 3(3) के कार्यान्वयन पर चर्चा करें और इस बारे में किये गये पत्राचार के अन्तर्गत क, ख और ग क्षेत्रों में भेजे गये पत्रों की समीक्षा करें और कार्यालय फाइलों पर मूल टिप्पण के बारे में भी कार्रवाई सुनिश्चित् करवाएं। प्रत्येक कार्यालय अध्यक्ष स्वयं की उपस्थिति में राकास बैठकें नियमित आयोजित करें तथा बैठकों में लिए गये निर्णयों पर क्रमवार अनुवर्ती कार्रवाई को प्रदर्शित करें।
2. संघ के राजकीय कार्य हिन्दी में करने के लिए **''वार्षिक कार्यक्रम 2013-2014** के राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर **www.rajbhasha.gov.in** से डाउन लोड करें और इस वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए जिसमें तिमाही प्रगति रिपोर्ट के प्रोफार्मा, संसदीय राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली एवं धारा 3(3) का अनुपालन के संबंध में अपने समस्त स्टॉफ सदस्यों को समुचित रूप से प्रेरणा दें ।
3. प्रत्येक सदस्य कार्यालय राकास की बैठकों में हिन्दी पुस्तकों के क्रय पर चर्चा करें और उस चर्चा के दौरान लिए गये निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित् करवाएं। इस बारे में समीक्षा हेतु संसदीय समिति के आदेश हैं।
4. तिमाही हिन्दी प्रगति रिपोर्टे प्रत्येक तिमाही के समाप्ति के 15 दिन के अन्तर्गत राजभाषा विभाग, अपने मुख्यालय तथा अध्यक्ष, नराकास कार्यालय को ऑन लाईन भिजवाना सुनिश्चित् करें।
5. कुछ सदस्य कार्यालय तिमाही हिन्दी प्रगति रिपोर्टें, राकास की बैठकों के कार्यवृत्त उनके कार्यालय द्वारा प्राप्त नहीं हो रहे हैं। कृपया वे सुनिश्चित करें कि अपने कार्यालय में राजभाषा नीति कार्यान्वयन की दिशा में किए गये कार्यो की रिपोर्ट नराकास कार्यालय को अवश्य भिजवाएं।
6. संसदीय समिति ने निरीक्षण के दौरान यह आदेश दिये थे कि प्रत्येक सदस्य कार्यालय का यह दायित्व है कि वे हिन्दी की प्रगति एवं प्रयोग की दिशा में हिन्दी के उपयुक्त वातावरण बनाने हेतु सदस्य कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से एवं नराकास, जम्मू के संयुक्त मंच के माध्यम से हिन्दी कार्यशालाएं, हिन्दी राजभाषा सम्मेलन, अखिल भारतीय सम्मेलन और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन तथा कम्प्यूटर के माध्यम से हिन्दी प्रशिक्षण कार्यक्रम अनिवार्य रूप से करवाएं अथवा यदि आप समिति का सहयोग चाहें तो समिति सदस्य कार्यालयों के सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।
7. गत वर्ष मार्च 2012 में पावर ग्रिड कारपोरेशन व एन.एच.पी.सी क्षेत्र-1 के सौजन्य से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया तथा आयकर कार्यालय, जम्मू व सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के सौजन्य से नराकास समिति के तत्वावधान में यूनिकोड प्रशिक्षण कार्यक्रम का दो दिवसीय आयोजन किया गया। दिनांक 13-14 मार्च, 2013 को दो दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण/राजभाषा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय हडको, जम्मू, रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन, जम्मू, पंजाब नेशनल बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू तथा भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय, जम्मू के सौजन्य से नराकास समिति भारतीय समवेत औषध संसथान, जम्मू के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें नराकास जम्मू के सभी सदस्य कार्यालयों के राजभाषा अधिकारी/हिन्दी अनुवादक एवं नोडल अधिकारी 90 अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। व्याख्याता के रूप में डॉ. महेशचन्द्र गुप्त, हिन्दी सलाहकार समिति, नई दिल्ली तथा श्री कृष्ण निर्मल, शिक्षा अधिकारी, नई दिल्ली से उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष डॉ. राम विश्वकर्मा जी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये।

8. नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति, जम्मू के सदस्य कार्यालयों की एक आईडी. ई मेल तैयार की गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में अध्यक्ष, नराकास, जम्मू द्वारा वेबसाइट **www.tolicjammu.org** को बैठक में समिति के अध्यक्ष डॉ. राम विश्वकर्मा ने विमोचन किया। इस अवसर पर सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख उपस्थित थे। इसके माध्यम से सभी सदस्य कार्यालय को पत्राचार करने में सरलता होगी।



9. नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति की वर्ष 2013 की गृह पत्रिका **''ज्ञानवार्ता''** के प्रकाशन हेतु रू. 2000/- (दो हजार रूपये मात्र) अंशदान के रूप में कार्यालय अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति, जम्मू के पक्ष में चैक/ड्राफ्ट भेजने हेतु कार्रवाई करवाएं।

क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार वर्ष 2012-2013 के लिए प्रविष्टियां मांगी गयी थी जिन सदस्य कार्यालयों ने प्रविष्टियां नहीं भेजी हैं। कृपया वे तत्काल **उपनिदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय-1 (दिल्ली), ए-149, सरोजनी नगर, नई दिल्ली-110023** को ऑन लाइन यथाशीघ्र भिजवाएं। ताकि पुरस्कार निर्धारण हेतु समीक्षा की जा सके।

☞ हिन्दी में मौलिक पुस्तक लेखन हेतु वर्ष 2012-2013 के लिए इंदिरा गांधी राजभाषा पुरस्कार हेतु **राजभाषा विभाग की वेबसाइट http://www.rajbhasha.gov.in तथा http://www.rajbhasha.nic.in** पर सूचना उपलब्ध है।

**बैठक में राजभाषा नीति कार्यान्वयन पर चर्चा एवं सदस्यों की प्रतिक्रियाएं उनके महत्वपूर्ण सुझाव जो इस प्रकार हैः-**

1. दिनांक 13-14 मार्च, 2013 को दो दिवसीय राजभाषा सम्मेलन/भाषा कौशल/कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन, जम्मू, क्षेत्रीय कार्यालय हडको, जम्मू, पंजाब नेशनल बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू एवं भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय, जम्मू के सौजन्य से नराकास भारतीय समवेत औषध संसथान, जम्मू के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें नराकास जम्मू के सभी सदस्य कार्यालयों के राजभाषा अधिकारी/हिन्दी अनुवादक एवं नोडल अधिकारियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 90 अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा फीडबैक के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत ही उत्कृष्ट एवं ज्ञानवर्धक है और इनके माध्यम से हिन्दी संरचना के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष में दो बार अनिवार्य रूप से आयोजित किये जाने चाहिए। व्याख्याता के रूप डॉ. महेशचन्द्र गुप्त, हिन्दी सलाहकार समिति, नई दिल्ली तथा श्री कृष्ण निर्मल, शिक्षा अधिकारी, नई दिल्ली से उपस्थित थे। सदस्य सचिव ने कहा कि जो सदस्य कार्यालय ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अपने स्तर से भी आयोजित कर सकते हैं और नराकास समिति के तत्वावधान में भी आयोजित कर सकते हैं।

2. एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन समिति के तत्वावधान में दिसम्बर, 2013 के तृतीय सप्ताह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि. प्रादेशिक कार्यालय, जम्मू, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड, जम्मू और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड, जम्मू एवं इंडेन

इंडियन ऑयल, जम्मू प्रादेशिक कार्यालयों के माध्यम से आयोजित करने का प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय के माध्यम से भेजा गया है।

3. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की वेबसाइट **www.tolicjammu.org** को नराकास की छमाही बैठक में अध्यक्ष, डॉ. राम विश्वकर्मा ने विमोचन किया। इस अवसर पर सभी सदस्य कार्यालयों के कार्यालय अध्यक्ष उपस्थित थे। अब इस वेबसाइट के माध्यम से समिति के जो भी प्रशिक्षण कार्यक्रम, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य प्रतियोगिताएं, गतिविधियां व कार्यकलाप, राष्ट्रीय स्तर पर देखने हेतु उपलब्ध रहेंगे।




4. समिति के सदस्य-सचिव डॉ. अमर सिंह ने सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि ज्ञानवार्ता के अंशदान हेतु जिन सदस्य कार्यालयों ने अभी तक कोई अंशदान राशि समिति कार्यालय को नहीं भिजवाएं हो तो कृपया शेष धनराशि वित्तीय वर्ष 2009-2010, 2010-2011 एवं वर्ष 2011-2012 एवं 2012-2013 के दौरान उनके द्वारा अभी तक नहीं प्राप्त हुई तथा अंक 4 की भी अध्यक्ष, नराकास, जम्मू के पक्ष में अवश्य भिजवाएं। ताकि समिति के माध्यम से राजभाषा के कार्यान्वयन को और गति दी जा सके।

5. बैठक में उपस्थित श्री अशोक कुमार दीक्षित, वरि. प्रबंधक, खादी एवं ग्रामोद्योग, जम्मू के माध्यम से एक कविता प्रस्तुत की गई समिति के सदस्यों ने कर्तलध्वनि से उनका स्वागत किया।

6. श्री आर.एन.मीना, मंडल यातायात प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जम्मू ने बैठक में उपस्थिति अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत एवं बधाई देते हुए कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है हमें इसका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंग्लिस वाले मैरिट में आगे आना चाहिए लेकिन हिन्दी वाले मैरिट में आगे आते हैं और वे हिन्दी से जन्म से जुड़े हैं। उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि अखिल भारतीय सेवाओं में हिन्दी को बढ़ावा दिया जा रहा है और गृह मंत्रालय के माध्यम से राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए कार्यालय के सभी कार्य हिन्दी के माध्यम से किये जा रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यालय के विषय में बताया कि भारतीय रेल का पूरा नेट वर्ग हिन्दी से जुड़ा है।

7. श्री विजय कुमार गर्ग, वरि. प्रबंधक क्षे.प्र.रिटेल, इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड, जम्मू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्दी देश की एकता, अखंडता के लिए सबसे अच्छन्न स्तम्भ है और समिति के माध्यम से जो कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वे बहुत ही उत्कृष्ट हैं समिति की वेबसाइट के लॉच करने पर हार्दिक प्रसन्नता करते हुए उन्होंने समिति के अध्यक्ष डॉ. राम विश्वकर्मा का आभार व्यक्त किया।

8. एनएचपीसी लि. परियोजना के महाप्रबंधक श्री ए.जी.अंसारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए अपने परियोजना के विकास संबंधी कार्यो की जानकारी देते हुए कहा कि 'ग' क्षेत्र में 690 मेगावाट की परियोजना 1970 के दशक में प्रारम्भ हुई थी उन्हें राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए वर्ष 2011-2012 के लिए राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कार भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए हमारी तरफ से जो भी सहयोग होगा हम हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे और हिन्दी के कार्यान्वयन के लिए हमारे प्रयास जारी हैं।

9. भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में श्री एस.एन.मेहरा, अनुसंधान अधिकारी, उत्तर क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय-1 (दिल्ली) से उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में संघ की राजभाषा नीति के विषय में संक्षिप्त रूप से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार, राजभाषा विभाग ने वार्षिक कार्यक्रम के अन्तर्गत लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इन लक्ष्यों के मद्देनजर राजभाषा नीति कार्यान्वयन को क्रमबद्ध रूप से आधार बनाकर कार्यान्वयन पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपने दौरे के दौरान उन्होंने कई सदस्य कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन के लिए पूर्णरूप से प्रतिबद्ध हैं। सभी फाइलों पर हिन्दी में कार्यान्वयन देखकर हमें प्रसन्नता हुई जम्मू ('ग' क्षेत्र) में होते हुए भी 'क' क्षेत्र से अच्छा

कार्यान्वियन हो रहा है। उन्होंने समिति की बैठकें कलेण्डर के अनुसार जून-नवम्बर में आयोजित करने का सुझाव दिया और सभी हिन्दी अधिकारी बैठक के आयोजन से संबंधित जानकारी समिति के सचिव डॉ. अमर सिंह से प्राप्त करते रहें। धारा 3(3) के अन्तर्गत 14 प्रकार के दस्तावेज द्विभाषी जारी करने के संबंध में समिति को जानकारी दी। उन्होंने हिन्दी की तिमाही प्रगति रिपोर्टे 01.04.2012 से 31 मार्च, 2013 तक ऑन लाइन भेजने के लिए कार्रवाई सुनिश्चित करें और आगे भी राजभाषा विभाग को सभी रिपोर्टे लॉगइन करें। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑन लाइन रिपोर्ट भरने की कार्यविधि की जानकारी देने का प्रयास किया। अन्त में श्री मेहरा ने समिति की वेबसाइट के विमोचन पर समिति के इस अभीष्ट कार्य को उत्कृष्ट बताते हुए अध्यक्ष महोदय को हार्दित बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।




10. संस्थान के निदेशक एवं नराकास, अध्यक्ष डॉ. राम विश्वकर्मा ने कॉन्फ्रेंस हॉल में उपस्थित नगर के कार्यालय प्रमुखों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का अपने संस्थान की ओर से व नराकास मंच की ओर से सबका हार्दिक स्वागत करते हुए अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा, "कि समिति की इस वेबसाइट के माध्यम से आपके द्वारा एवं समिति के माध्यम से जो कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे वे सभी उपलब्ध रहेंगे। अब जो होगा वह अच्छा ही होगा आपके माध्यम से कवि सम्मेलन, प्रशिक्षण कार्यक्रम, संसदीय राजभाषा समितियों के निरीक्षण के समय यह निर्णय लिया गया था कि इस बैठक में आप सभी समय रहते प्रतिभागिता करें और यह मैंडेटरी (अनिवार्य) है। आपके द्वारा जो आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। इस सहयोग की अपेक्षा करते हैं सदस्यों की उपस्थिति और योगदान करने वाले सदस्यों के नाम वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे। जो कार्यालय प्रमुख बैठक में भाग लेते हैं उनकी उपस्थिति वेबसाइट पर डाली जाए व एक प्रति संसदीय समिति को प्रेषित की जाए योगदान करने वालों के नाम भी होम पेज पर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने नराकास, जम्मू की अगली बैठक के लिए तिथि 28 नवम्बर, 2013 को निर्धारित कर दी और स्वच्छपत्र एवं कार्यसूची सबको परिपत्र जारी करने के आदेश दिए साथ ही उन्होंने अपने संस्थान के पुस्तकालय में उपलब्ध हिन्दी पुस्तकों की सूची समिति की वेबसाइट पर डालने का सुझाव दिया तथा स्वयं की आई.डी. ई-मेल पर डालने को कहा और उन्होंने अन्त में कहा कि हिन्दी का कार्य और इसके प्रयोग में हमें अपना योगदान करना चाहिए। आज हर बच्चा हिन्दी समझता है। हर व्यक्ति हिन्दी बोलता है और आपके जो भी विचार एवं सुझाव सब वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

अन्त में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी, श्री ओम प्रकाश ने संस्थान के निदेशक एवं समिति के अध्यक्ष डॉ. राम विश्वकर्मा जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि बैठक के लिए उन्होंने अपना कीमती समय दिया हम उनका हार्दिक आभार व्यक्त करते है। श्री ए.जी.अंसारी, महाप्रबंधक, सलाल पावर स्टेशन, श्री विजय कुमार गर्ग, वरि. क्षेत्रीय प्रबंधक, इंडियन ऑयल कारपोरेशन तथा श्री सत्य प्रताप सिंह, संयुक्त नियंत्रक, सी.डी.ए. ने बैठक में अपना बहुमूल्य समय दिया हम उनका आभार सहित धन्यवाद करते हैं। बैठक में उपस्थित नराकास, जम्मू के सभी कार्यालय प्रमुख एवं प्रिन्ट व इलैक्ट्रानिक मीडिया दूरदर्शन के सभी संवाददाताओं का आभार व्यक्त किया। संस्थान के सभी संकाय सदस्यों का जिन्होंने इस बैठक के आयोजन में अपना योगदान दिया और इस सहयोग के लिए सबका धन्यवाद किया।

डॉ. राम विश्वकर्मा
अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू

डॉ. अमर सिंह
सदस्य-सचिव
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू